**दिनांक–24.12.2025 को माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय मुख्यालय भवन निर्माण हेतु पदाधिकारियों के साथ हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–**

---

- सर्वप्रथम सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार, पटना द्वारा माननीय विभागीय मंत्री महोदय की अनुमति से बैठक प्रारंभ की गई तथा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना (मुख्यालय) भवन के निर्माण के कार्य प्रगति से अवगत कराया गया।

- माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि मुख्यालय निर्माण की निगरानी हेतु स्थल पर 360 डिग्री एंगल वाले PTZ का CCTV कैमरा लगाया जाय। इसके अतिरिक्त समय–सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु मानव बल बढ़ाने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि सभी कास्टिंग का कार्यं मानक अनुरूप किया जाय और नमूने का क्यूब टेस्ट एवं अन्य टेस्ट प्रयोगशाला में ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त पेडेस्टल कास्टिंग एवं फाउडेंशन कास्टिंग के नमूने की जांच रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाय।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- कंक्रीट की ढलाई कार्यपालक अभियंता को स्वयं अपनी देख–रेख में संपन्न कराने का निदेश दिया गया। कास्टिंग के समय किस कोटि की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, कितना सामग्री उपयोग में लाया जा रहा है, हरेक कास्टिंग का विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय एवं माननीय मंत्री महोदय द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान स्थल पर उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- कास्टिंग के समय Vibrator का सही रूप से संचालन, Shuttering का समयानुसार हटाया जाना और Shuttering को बंद एवं खोलने वक्त हथौड़े का इस्तेमाल नहीं करना और Curing मानक के अनुरूप संपादन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही किए जा रहे निर्माण कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

**अनुपालनः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र/संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/नि०क – 1024/24 – 11 दिनांक– 07.01.2026

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पटना/ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/नि०क – 1024/24 – 11 दिनांक– 07.01.2026

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, कंट्रोल रूम (नियंत्रण कक्ष) एवं सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/नि०क – 1024/24 – 11 दिनांक– 07.01.2026

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/नि०क – 1024/24 – 11 दिनांक– 07.01.2026

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)